**PODAR INTERNATIONAL SCHOOL**

**Final Exam (2019-20)**

| | |
|---|---|
| **Grade: IX** | **Maximum Marks: 80** |
| **Subject: Hindi** | **Duration: 3 hours** |

निर्देश:

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
*(ii)* सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
*(iii)* यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
*(iv)* एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
*(v)* दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
*(vi)* तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।
*(vii)* पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए।

**खंड - क**

**(अपठित अंश)** **अंक- 10**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

भारत में इंटरनेट का आगमन 15 अगस्त, 1995 को हुआ था। इंटरनेट कंप्यूटरों का एक ऐसा नेटवर्क है, जो विश्वव्यापी है, जिसके माध्यम से पूरे विश्व की सभी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इसे 'इंफॉरमेशन हाई वे' अर्थात् 'सूचना राजपथ' के नाम से जाना जाता है।
इंटरनेट तकनीक का सर्वाधिक प्रयोग 'ई-मेल'(E-mail) के रुप में होता है। इसके प्रयोग द्वारा मनुष्य घर में बैठकर ही दुनिया के किसी भी कोने में बैठे इंटरनेट सुविधा प्राप्त कर अपने संबंधियों, मित्रों और परिचितों को 'ई-मेल' भेज सकता है। इतना ही नहीं लोग 'बुलेटिन बोर्ड' के जरिए अपने पसंदीदा विषय पर लोगों से बात भी कर सकते हैं।
आजकल तेज़ी से 'साइबर शॉप्स' खुल रही हैं, जिनके माध्यम से हर छोटी-बड़ी वस्तु घर बैठे ही खरीदी या बेची जा सकती है। साथ ही इंटरनेट पर रेडियो और टेलीविजन नेटवर्क भी उपलब्ध हैं, जहाँ हम प्रतिदिन की खबरें पढ़ या सुन सकते हैं।
आजकल व्यावसायियों के लिए 'वर्ल्ड वाइड वेब' (विश्व संजाल) नामक तंत्र विज्ञापन का एक बड़ा माध्यम बनकर उनका काम आसान कर रहा है। यही कारण है कि आज दूरसंचार मंत्रालय ने भी इंटरनेट की बढ़ती व्यावसायिकता को पहचानते हुए 'विदेश संचार निगम लिमिटेड' (VSNL) को इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध कराने का काम सौंप दिया है। आजकल तो शिक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर इंटरनेट को लोकप्रिय माध्यम बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।
एक ओर इंटरनेट हमारे लिए इतना उपयोगी सिद्ध हो रहा है तथा इससे अनेक सुविधाएँ भी प्राप्त की हैं, पर दूसरी और इंटरनेट हमारे लिए मुसीबत भी बनता जा रहा है।
आजकल किशोरावस्था के युवक-युवतियाँ इंटरनेट पर अपरिचित लोगों से 'चैटिंग' करके उनसे मित्रता स्थापित कर लेते हैं। 'फेसबुक' में अपने विषय में पूरी जानकारी डाल देते हैं ताकि विश्व के किसी भी कोने में रहने वाले उनके मित्र एवं परिचित उसकी ताज़ा परिस्थितियों से परिचित रह सकें और ऐसा होता भी है, पर दुर्भाग्यवश यदि वह जानकारी किसी असामाजिक तत्व के हाथ लग जाती है या धोखे से कोई युवक या युवती किसी गलत व्यक्ति को अपना मित्र बना लेता है, तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ता है।
हर वस्तु के दो पहलू होते हैं- 'अच्छा' और 'बुरा'। बुद्धिजीवी मानव को इंटरनेट का प्रयोग कर बुद्धिपूर्वक इससे लाभ उठाना चाहिए और सावधान रहकर इससे होने वाली हानियों से स्वयं को

बचाना चाहिए, तभी इंटरनेट के माध्यम से मनुष्य अपना पूर्ण विकास कर सकेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | 'इंटरनेट' क्या होता है? | 2 | SA |
| (ख) | 'ई-मेल' के विषय में क्या बताया गया है? | 2 | SA |
| (ग) | 'इंटरनेट' से हमें क्या लाभ हुआ है? | 2 | SA |
| (घ) | हमें इंटरनेट का प्रयोग कैसे करना चाहिए? | 2 | SA |
| (ङ) | दूरसंचार मंत्रालय ने इंटरनेट सेवाएँ उपलब्ध कराने का काम किसे सौंप दिया है? | 1 | VSA |
| (च) | उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। | 1 | VSA |

## खंड - ख (16)

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 2 (क) निम्नलिखित वर्ण-विच्छेद से निर्मित शब्द को लिखिए।** 1 x 3 = 3 VSA

i) प् + र् + आ + म् + आ + ण् + इ + क् + अ

ii) व् + ऋ + ष् + ट् + इ

iii) व् + इ + क् + र् + ए + त् + आ

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार/अनुनासिक/ नुक्ता का प्रयोग कीजिए।** 1 x 3 = 3 VSA

i) समेलन

ii) मासपेशिया

iii) इजहार

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग / प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए।** 1 x 3 = 3 VSA

| | शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| (क) | उनचास | | | |
| (ख) | गुरूत्व | | | |
| (ग) | लड़ैत | | | |

**प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए।** 1 x 2 = 2 VSA

i) निष्कासन

ii) पूर्वोक्त

**(ख) निम्नलिखित विच्छेदों की संधि कीजिए।** 1 x 2 = 2 VSA

i) अनु + एषण

ii) परम + औज

**प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।** 1 x 3 = 3 VSA

(क) जिनके साथ हमें यात्रा करनी थी वे थे की जय और मीनू

(ख) तुलसीदास ने कहा परहित सरिस धर्म नहीं भाई

(ग) कक्षा में प्रवेश करते ही अध्यापक ने पूछा कल तुम क्यों नहीं आए

## खंड - ग (28)

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रश्न 6** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखिए। (30-40 शब्दों में)** | **2+2+2=6** | |
| (क) | बचेंद्री पाल के व्यक्तित्व की किस विशेषता ने उसको भयभीत नहीं होने दिया? | | **SA** |
| (ख) | लेखक और अतिथि क्या पढ़ रहे हैं और क्यों? | | **SA** |
| (ग) | लोग कीचड़ का तिरस्कार या उसकी उपेक्षा क्यों करते हैं? | | **SA** |
| (घ) | गांधीजी से मिलने के बाद महादेव जी को साहित्यिक लेखन का समय क्यों नहीं मिला? | | **SA** |
| **प्रश्न 7** | **'धर्म की आड़' पाठ के माध्यम से लेखक ने हमें क्या संदेश दिया है? 80-100 शब्दों में उत्तर लिखिए।**<br>**अथवा**<br>**भगवाना की बूढ़ी माँ समाज में व्याप्त अंधविश्वासों का शिकार बनी। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर 80-100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।** | **5** | **LA** |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखिए। (30-40 शब्दों में)** | **2+2+2=6** | |
| (क) | संत रैदास के अनुसार किसके अंग-अंग में किसकी सुगंध समाई हुई है? | | **SA** |
| (ख) | कवि ने अग्नि पथ किसे कहा है और क्यों? | | **SA** |
| (ग) | सुखिया का पिता उदास क्यों बैठा था? | | **SA** |
| (घ) | 'नए इलाके में' कविता में किन पुराने निशानों का वर्णन किया गया है? | | **SA** |
| **प्रश्न 9** | **'आदमीनामा' कविता के माध्यम से कवि हमें क्या शिक्षा देना चाहते हैं? 80-100 शब्दों में तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।**<br>**अथवा**<br>**रहीम ने दान की महिमा किस प्रकार सिद्ध की है? 80-100 शब्दों में उत्तर लिखिए।** | **5** | **LA** |
| **प्रश्न 10 (क)** | **लेखक का डंडा कब और कैसे अपमानित हुआ? 'स्मृति' कहानी के आधार पर 60-70 शब्दों में विचार व्यक्त कीजिए।** | **3** | **LA** |
| (ख) | **'हामिद खाँ' कहानी हमारे लिए किस प्रकार शिक्षाप्रद है? कहानी के आधार पर 60-70 शब्दों में विचार व्यक्त कीजिए।** | **3** | **LA** |

## खंड - घ **26**
## (लेखन)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रश्न 11** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | **6** | **LA** |
| (क) | नर हो न निराश करो मन को<br>संकेत बिंदु:<br>• निराश न होने की प्रेरणा<br>• नर होने का अर्थ<br>• हिम्मत और शक्ति एवं निराशा से जूझना<br>• कर्म करके निराशा समाप्त करना | | |

(ख) मेरी प्रिय पुस्तक
संकेत बिंदु:

- प्रिय पुस्तक
- प्रिय होने का कारण
- मर्मस्पर्शी कथ्य
- पथ-प्रदर्शक

(ग) सच्चा मित्र
संकेत बिंदु:

- मित्र की आवश्यकता व व्याख्या
- सच्चे मित्र के गुण
- मित्र चयन में सावधानियाँ
- सच्चे मित्र कौन?

**प्रश्न 12** **आपके बड़े भाई ने आपको किसी शर्त पर एक खास भेंट देने की बात कही थी। आप वह शर्त जीत गए हैं, उन्हें नम्रतापूर्वक शर्त की याद दिलाते हुए एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए।** **5** **LA**


**अथवा**

**आपने तथा आपके मित्रों ने ग्रीष्मावकाश में समीपस्थ गाँव में जाकर समाज सेवा की योजना बनाई है। उसके लिए अपने मित्र को 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखकर आमंत्रित कीजिए और अपनी योजना भी बताइए।** **LA**

**प्रश्न 13** **चित्र को देखकर 20-30 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए।** **5** **LA**



**अथवा**



प्रश्न 14 बिजली की बार–बार कटौती से उत्पन्न स्थिति से परेशान दो महिलाओं के बीच होने वाली बातचीत को लगभग 50-60 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए। 5 LA

अथवा

बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री और टिकट निरीक्षक के बीच होने वाली बातचीत को लगभग 50-60 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए।

प्रश्न 15 दंत चमक टूथपेस्ट की विशेषता बताते हुए एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। 5 LA

अथवा

'रक्षक' हेलमेट बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

***************************************************************